राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

प्रेस–नोट

एफ.7(24) परीक्षा 'क'/राज्य–अधी./2017–18/ दिनांकः 03.05.2019

आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली वे परीक्षाएं जिनमें अभी प्रथम चरण की परीक्षा आयोजित किया जाना प्रस्तावित है और वे परीक्षाएं जिनमें प्रथम चरण की परीक्षा आयोजित की जा चुकी हैं परन्तु जिनका परिणाम अभी तक जारी नहीं किया गया है, उन सभी परीक्षाओं में अभ्यर्थियों द्वारा भरे गये ऑनलाइन आवेदन पत्र में रहीं विभिन्न प्रकार की त्रुटियों के निराकरण हेतु 07 दिवस का ऑनलाइन संशोधन का अवसर आयोग द्वारा प्रदान किया जा रहा है। संशोधन चाहने वाले अभ्यर्थी ई–मित्र/ऑनलाइन बैंकिंग के माध्यम से रू. 300/–का शुल्क जमा कराते हुए आयोग के आनॅलाइन पोर्टल **http://rpsc.rajasthan.gov.in** पर जाकर ऑनलाइन संशोधन कर सकते हैं। आयोग द्वारा जिन परीक्षाओं में त्रुटि संशोधन सम्बन्धी सुविधा प्रदान की जा रही है, उनका विवरण निम्नानुसार है :–

क्र. स.	परीक्षा का नाम	Edit Opening Date
1	**1-College Lecturer (SARANGI INSTRUMENT) - 2018, 2-Protection Officer - 2018, 3-Asst.Statistical Officer(Non TSP & TSP BOTH) - 2018 4-Asst. Town Planner 2018, 5- Asst. Statistical Officer Agriculture Department 2018, 6- Asst. Agriculture Research Officer - 2018, 7-Asst. Agriculture Officer - 2018**	**06-05-2019 to 12-5-2019**
2	**1-Headmaster (Sec. Education) - 2018, 2-Sr. Teacher Gr II (Non-TSP & TSP BOTH) – 2018 (Sanskrit Edu. Dept.), 3-AEN 2018 (Civil PWD, Civil WRD, Civil PRD, Mech. WRD)**	**14-05-2019 to 20-05-2019**
3	**1-Sr. Teacher GR-II (NON-TSP & TSP BOTH) 2018 (Sec. Edu. Dept.)**	**22-5-2019 to 28-5-2019**
4	**1-Sr. Teacher Gr II (Spl. Edu.) - 2018 (TSP), 2-Physiotherapist (Non-TSP & TSP BOTH)2018, 3-School Lecturer (School Education) - 2018**	**10-06-2019 to 16-06-2019**
5	**1-School Lecturer - 2018 (Sanskrit Education), 2- Vice Principal/Sup. ITI & Group Instructor/Sur. 2018 , 3- Group Instructor/Sur. 2018 TSP, 4- ACF & Forest Range Officer GR-I 2018**	**17-06-2019 to 23-06-2019**

उक्त ऑनलाइन संशोधन के अवसर के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को निम्नांकित बिन्दुओं को दृष्टिगत रखा जाना है :–

1– वे परीक्षाएं जिनमें आयोग द्वारा अभी परीक्षा आयोजित की जानी शेष है, उन सभी परीक्षाओं मे आवेदित अभ्यर्थियों के सभी संशोधन (नाम को छोड़कर) स्वीकार्य हैं।

2– वे परीक्षाएं जिनमें आयोग द्वारा प्रथम चरण की परीक्षा आयोजित की जा चुकी हैं परन्तु परिणाम घोषित नहीं किया गया है, उन परीक्षाओं में **उपस्थित** अभ्यर्थियों के सभी संशोधन (नाम, परीक्षा केन्द्र, विषय, फोटो, हस्ताक्षर एवं पद/विभाग की प्राथमिकता को छोड़कर) स्वीकार्य हैं। इन परीक्षाओं में उक्त आनलाईन संशोधन का **अवसर अंतिम** रूप से प्रदान किया जा रहा है।

3–उक्त वर्णित दोनों बिन्दुओं की परीक्षाओं में ऑफलाइन संशोधन स्वीकार नहीं किये जावेंगें । उक्त परीक्षाओं के जिन अभ्यर्थियों ने पूर्व में संशोधन हेतु ऑफलाइन प्रार्थना पत्र आयोग को प्रस्तुत किये हैं, उनके भी ऑफलाईन प्रार्थना पत्र आयोग द्वारा स्वीकार नहीं किये गये हैं, वे अभ्यर्थी भी केवल ऑनलाईन संशोधन के विकल्प का ही उपयोग करें।

4– उपरोक्त ऑनलाईन संशोधन का अवसर अभ्यर्थियों के हितार्थ सुविधा मात्र है। उक्त संशोधन सम्बन्धित परीक्षा हेतु जारी विज्ञापन में उल्लेखित पात्रता की शर्तो के अनुरूप ही मान्य होंगे । विज्ञापन की शर्तें पूर्वानुसार ही रहेंगीं।

5– उपरोक्त संशोधनों के संबंध में किसी प्रकार की तकनीकी कठिनाई होने पर recruitmenthelpdesk @ rajasthan.gov.in पर ई–मेल से अथवा फोन नं. 0294–3057541 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

(के0के0 शर्मा)
सचिव